स्नेह मिलन समारोह में क्षत्रिय समाज ने कुरीतियां छोड़ने का संकल्प लिया

लूणकरनसर,(कासं)। लूणकरनसर तहसील के करीब 300 गांवों से आये 2000 से अधिक लोगों ने एक जाजम पर बैठकर क्षत्रिय समाज में फैली विसंगतियों एवं कुरीतियों पर व्यापक चर्चा की। क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह एक सामाजिक कार्यक्रम था लेकिन इसके राजनीतिक मायने भी देखे जा रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटी की उपस्थिति के कारण कतिपय इसे राजनीतिक रूप से शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम भी माना जा रहा है। कार्यक्रम में रविन्द्र सिंह भाटी ने कहा कि क्षत्रिय समाज सदैव 36 कौम को साथ लेकर चलता रहा है। यही कारण है कि आज प्रत्येक समाज का समर्थन इस समाज को प्राप्त है। उन्होंने कहा कि गरीब और मजबूर लोगों को जब तक सही पृष्ठभूमि नहीं मिलती तब तक समाज सुधार की बात बेमानी है।

श्री करणी क्षत्रिय सेवा संस्थान के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित क्षत्रिय समाज के लोगों ने सामूहिक संकल्प लिया कि वह समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने एवं शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्र में अवसर तलाशने को लेकर कार्य करेंगे।

लूणकरनसर में क्षत्रिय समाज के स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह को जोधपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ रविन्द्र सिंह भाटी ने संबोधित किया।

- पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटी की उपस्थिति के कारण कतिपय इसे राजनीतिक रूप से शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम भी माना जा रहा है
- लूणकरनसर तहसील के करीब 300 गांवों से आये लोगों ने एक जाजम पर बैठकर क्षत्रिय समाज में फैली कुरीतियों पर व्यापक चर्चा की

रविन्द्र सिंह भाटी ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों से आव्हान किया कि वह क्षत्रिय उचित व्यवहार का सदैव पालन करें और रूढिवादिता सहित बुराईयों को त्यागने का संकल्प लें। क्षत्रिय समाज के एडवोकेट डॉ सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा क्षत्रियों का कार्य सदा से लोगों की रक्षा करना था। सभी कौमों को साथ लेकर के क्षत्रियों ने हमेशा अपने आपको आगे बढ़ाया। वर्तमान परिवेश में कुछ विशिष्ट कारणों से क्षत्रिय समाज को उचित मंच उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण लोगों ने इसे अन्यथा ले लिया है।

उन्होंने चेताया कि क्षत्रिय समाज का जो वजूद पहले था, वही अस्तित्व आज है। इसे हल्के में लेकर कोई ये ना समझें कि यह समाज बिखरा हुआ है। सुरेन्द्र सिंह ने भरोसा दिलाया कि शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विशिष्ट कार्य योजना को अमलीजामा पहनाया जायेगा।

लूणकरनसर के पूर्व सरपंच एवं तिलम संघ के पूर्व निदेशक उम्मेद सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि 1990 में स्थापित यह संस्थान आज अपने विराट स्वरूप में है और समाज के लिए जो गतिविधियां आयोजित की जा रही है, वह तारीफ के काबिल है। सर्व सेवा संस्थान के सचिव भानूप्रताप सिंह शेखावत ने इस अवसर पर संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मोती सिंह राठौड़, ओम सिंह पवार, महावीर सिंह राठौड़, एडवोकेट गोपाल सिंह सोलंकी, विक्रम सिंह राठौड़, कायम सिंह, भूरसिंह काकड़ वाला, मानसिंह बीका, प्रमोद सिंह राठौड़, जेठू सिंह राठौड़, भंवर सिंह बीका, राजू कंवर, सुशीला कंवर, मदन सिंह शेखावत सहित अनेक लोगों ने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के करीब 150 लोगों को सम्मानित भी किया गया।

विशेष योगदान आयुक्त कल से करेंगे जनसुनवाई

बीकानेर,(कासं)। विशेष योग्यजन आयुक्त उमाशंकर शर्मा 25 से 29 सितम्बर तक बीकानेर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनका विभिन्न तहसीलों में जनसुनवाई कार्यक्रम में हिस्सा लेने का कार्यक्रम रहेगा। वे हनुमानगढ़ से रविवार को प्रस्थान कर रात 9 बजे बीकानेर पहुंचेंगे।

शर्मा सोमवार को सर्किट हाउस से प्रातः 9 बजे प्रस्थान कर नोखा ,बज्जू, पूगल कोलायत, छतरगढ़, श्रीडूंगरगढ़, लूणकरनसर, खाजूवाला जायेंगे। सभी तहसीलों में मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन आयुक्त आपके द्वार मिशन तहसील 392 के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व जनसुनवाई की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। वे मंगलवार को बीकानेर स्थित सर्किट हाउस से प्रातः 8 बजे नोखा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा नगर पालिका सभागार में आयोजित होने वाली जन सुनवाई में भाग लेंगे।

इसके बाद प्रातः 11 बजे कोलायत जायेंगे व पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई करेंगे। यहां से बज्जू जायेंगे। वहां जनसुनवाई के बाद छतरगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। रात्रि विश्राम छतरगढ में करेंगे।

मंगलवार को शर्मा छतरगढ़ ग्राम पंचायत भवन में 9 बजे जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद खाजूवाला जायेंगे। खाजूवाला में नगर पालिका सभागार में 12.30 बजे जन सुनवाई के बाद पूगल के लिए रवाना होंगे तथा 3 बजे जनसुनवाई में शामिल होंगे।

सार-समाचार

उपराष्ट्रपति धनखड़ का स्वागत किया

बीकानेर,(कासं)। रविवार को नोखा के मुकाम मेले में शिरकत करने के लिए वायुसेना के विशेष विमान से नाल एयरफोर्स स्टेशन पंहुचे देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का भाजपा नेताओं द्वारा भावभीना स्वागत किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत , अर्जुनराम मेघवाल और कैलाश चौधरी भी उपराष्ट्रपति धनखड़ के साथ ही विशेष विमान से नाल स्टेशन पंहुचे ।नाल एयरफोर्स स्टेशन पर धनखड़ का स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, लूनकरणसर विधायक सुमित गोदारा, महापौर श्रीमती सुशीला कंवर राजपुरोहित, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, जिला महामंत्री मोहन सुराणा, अनिल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापत इत्यादि शामिल रहे।नाल स्टेशन से उपराष्ट्रपति धनखड़ सीधे मुकाम मेले में भाग लेने के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए।

शिक्षक सम्मेलन को लेकर बैठक

बीकानेर,(कासं)। शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) की जिला स्तरीय बैठक प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता में कर्मचारी मैदान में आयोजित हुई। संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद व कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर बिश्नोई ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि संघ का जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 27 व 28 सितम्बर को राजकीय गंगा चिल्ड्रन स्कूल में आयोजित होगा। जिसमें तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले करने, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, सभी वर्गों की बकाया पदोन्नति जल्द करवाने, ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षकों को 10 प्रतिशत भत्ता अतिरिक्त देने, शिक्षकों को विधानसभा व लोकसभा चुनाव लड़ने की छूट देने, उप प्राचार्य की सीधी भर्ती करने सहित एनपीएस की आहरित 25 प्रतिशत राशि को वापस जमा करवाने से राहत देने सहित शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। दूसरे दिन जिला कार्यकारणी का निर्वाचन भी किया जायेगा। जिलाध्यक्ष नारायण सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ब्लॉक वार जिम्मेदारी सौंपी व कहा कि अपने अपने ब्लॉकों में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों से संपर्क करके सम्मेलन में भाग लेने का शामिल होने का आव्हान करें। जिला स्तरीय बैठक में प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, प्रदेश कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर बिश्नोई, जिलाध्यक्ष नारायण सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम डूडी आदि मौजूद थे।

सुबह साढ़े छह बजे से घट स्थापना

श्रीगंगानगर, (कासं)। सोमवार सुबह साढ़े छह बजे से शुभ मुहूर्त मंदिर के पंडित मनोज दुबे बताते हैं कि नवरात्र स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है। कलश स्थापना और ज्योति स्थापित करने के लिए सुबह साढ़े छह बजे से सात बजकर चौवन मिनट तक पहला मुहूर्त रहेगा। इसके बाद सुबह साढ़े नौ बजे से ग्यारह बजे तक तथा अभिजित मुहूर्त में दोपहर बारह बजे से बारह बजकर 48 मिनट तक भी घट और ज्योति स्थापना की जा सकती है। इसके अलावा शहर के हाउसिंग बोर्ड स्थित हनुमान मंदिर में स्थापना दिवस समारोह शुरू होगा। सुबह दस बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी तथा पूजन होगा। चार अक्टूबर तक हर दिन सुबह नौ बजे से बारह बजे तक तथा शाम चार बजे से सात बजे तक रामकथा होगी। पांच अक्टूबर को यज्ञ होगा। हाउसिंग बोर्ड के वैष्णों दरबार मंदिर, इंदिरा कॉलोनी के जगदंबा मंदिर, बालाजी धाम के पास स्थित चिंतपूर्णी धाम मंदिर, सत्यम नगर के मां चिंतपूर्णी मंदिर, जवाहर नगर के नवदुर्गा चंडी मंदिर, अरोड़वंश मंदिर स्थित 84 घंटों वाली देवी के मंदिर में देवी की विशेष पूजा-अर्चना होगी।

संदिग्ध हालत में युवक की मौत

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले के मक्कासर गांव में संदिग्ध हालत में युवक की मौत हो गई। युवक की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानूनी कार्रवाई से मना करने पर पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया। अस्पताल चौकी में तैनात कांस्टेबल अनिल कुमार ने बताया कि जंक्शन थाना क्षेत्र के गांव मक्कासर में शनिवार देर रात को एक युवक की तबीयत अचानक बिगड़ गई। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार युवक नशे का आदी था। युवक ने हेरोइन की मात्रा ज्यादा ले ली थी। जिसकी वजह से युवक की मौत हो गई।कॉन्स्टेबल अनिल कुमार ने बताया कि मृतक युवक की पहचान पवन कुमार (24) पुत्र बृजलाल कुमार निवासी मक्कासर पीएस हनुमानगढ़ जंक्शन के रूप में हुई है। युवक के परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया। जिसके कारण शव परिजनों को सौंप दिया है।

विद्यालय में हॉल कमरे की नींव लगाई

अनूपगढ़, (कासं)। व्यापारियों की संस्था व्यापार मंडल की ओर से राजकीय बालिका विद्यालय में एक हॉल कमरे का निर्माण करवाया जायेगा। इसके लिए शहर के बालिका विद्यालय में कमरे के निर्माण कार्य के लिए व्यापार मंडल अध्यक्ष बूलचन्द चुघ और कोषाध्यक्ष प्रेम उर्फ बिट्टू धूड़िया, स्कूल की प्रिंसिपल अनिता जांगिड़ द्वारा नींव लगाई। आपको बता दें कि शहर का एक मात्र राजकीय बालिका विद्यालय है और विद्यालय में विकास के सहयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता रहा है। ऐसे में बालिकाओं के लिए एक कमरे की आवश्यकता को देखते हुए प्रधानाचार्य के आव्हान पर व्यापार के अध्यक्ष बूलचन्द चुघ एवं उनकी कार्यकारिणी के श्रवण नंदा, उपाध्यक्ष विक्की धूड़िया, बिट्टू धूड़िया सहित अन्य सदस्यों ने विद्यालय में सहयोग करने का निर्णय लेकर कमरे के निर्माण कार्य की नींव रखकर शुरू करवाया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य जांगिड ने व्यापार अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

नशा बेचने का आरोप, तीन युवकों को लोगों ने दबोचा

बीकानेर,(कासं)। इंद्रा कॉलोनी एरिया में रविवार दोपहर उस समय हड़कम्प मच गया, जब क्षेत्र के लोगों ने कार में जा रहे कुछ युवकों को दबोच लिया। कार में छानबीन करते हुए मोहल्लावासियों ने आरोप लगाया कि स्मैक व अन्य नशे का सामान बेचने के लिए ये लोग बार-बार इस एरिया में आते हैं। फिलहाल सदर पुलिस कार सहित तीनों युवकों को थाने ले गई है।

फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है लेकिन युवकों के साथ उनके परिचितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दरअसल रविवार दोपहर एक सफेद रंग की कार को मोहल्ले में खड़ा देकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। आरोप लगाया गया कि इस कार में ही कुछ लोग नशे का सामान बेचने के लिए आते हैं। स्थानीय लोगों ने मिलकर तीनों युवकों को पकड़ लिया और अलग से बिठा दिया। बाद में सदर पुलिस मौके पर पहुंची।

लोगों ने कार में रखा सामान पुलिस को बताते हुए आरोप लगाया कि इसमें स्मैक सहित कई नशीला सामान है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जामसर के रहने वाले तीनों युवकों को फिलहाल हिरासत में लिया है। कार भी पुलिस ने कब्जे में ली है। बताया जा रहा है कि इन तीनों से गहन पूछताछ की जा रही है। हालांकि कार में नशीली सामग्री पुलिस को नहीं मिली है। इसके बाद भी सख्ती से पूछताछ की जा रही है। इन युवकों के कुछ परिचितों व रिश्तेदारों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- तीनों युवकों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया, पूछताछ के बाद ही स्पष्ट होगा कि इन लोगों ने नशीला सामान बेचा है या नहीं, फिलहाल हिरासत में लिया गया है
- कार सहित पुलिस के हवाले किया कार में नशीली सामग्री पुलिस को नहीं मिली
- युवकों के कुछ परिचितों व रिश्तेदारों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है

सीओ सदर पवन भदौरिया ने बताया कि फिलहाल छानबीन की जा रही है। तीनों युवकों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पूछताछ के बाद ही स्पष्ट होगा कि इन लोगों ने नशीला सामान बेचा है या नहीं। फिलहाल हिरासत में लिया गया है। दरअसल स्मैक सहित कई तरह के नशे बीकानेर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बिकते रहे हैं। जिस गाड़ी को रविवार दोपहर जब्त किया, वो गाड़ी भी कई बार इस एरिया में देखी गई है।

नवरात्र मेले को लेकर बैठक

बीकानेर,(कासं)। आशापुरा भंडारा सेवा समिति ट्रस्ट (पोकरण) की बैठक अध्यक्ष श्यामसुन्दर जोशी के निवास पर रखी गई। बैठक की अध्यक्षता घनश्याम बिस्सा ने की।

बैठक में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष में पोकरण स्थित मां आशापुरा के दरबार में 4 से 6 अक्टूबर को लगने वाले मेले में भंडारे के सफल संचालन के लिये तैयारियों को अंतिम रूप देकर कार्यभार बांटा गया। इस दौरान तय किया गया कि मेले के लिये तीन अक्टूबर को दोपहर में बसों से रवानगी होगी। साथ ही दशमी की कड़ाई, सम्मान समारोह व डांडिया महोत्सव को लेकर भी चर्चा की गई।

मेले में 5 अक्टूबर को नव दंपतियों के जात झड़ूले और नवजात नौनिहालों मुंडन संस्कार भी होंगे। बैठक में महामंत्री गिरिराज बिस्सा, श्यामसुंदर ओझा, रूपकिशोर व्यास, केशव प्रसाद बिस्सा, नृसिंह जोशी, त्रिलोक बिस्सा, जयगोपाल जोशी, महेश व्यास, श्याम रंगा, राधाकिशन हर्ष, बंशीलाल जोशी, गोपाल बिस्सा, गोपाल आचार्य, कैलाश गहलोत, जगदीश पंवार, अमरनाथ ओझा, नारायण बिस्सा ने विचार रखे।

कपिल सरोवर शीघ्र होगा खरपतवार और जलीय वनस्पति से मुक्त

बीकानेर,(कासं)। श्रीकोलायत का कपिल सरोवर शीघ्र ही जलीय वनस्पति और खरपतवार से मुक्त हो जायेगा।

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी के प्रयासों से इसके लिए अजमेर से अत्याधुनिक डीविडिंग मशीन मंगवाई गई है। यह मशीन रविवार को कपिल सरोवर पहुंच भी गई है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि कपिल सरोवर को जलीय वनस्पति और खरपतवार से मुक्ति मिले। इसके लिए सतत प्रयास किए जा रहे थे।

अब यह मशीन कपिल सरोवर पहुंच गई है। यह अगले 45 दिनों तक कपिल सरोवर में संचालित होगी और इसे वनस्पति मुक्त करेगी। जिससे कार्तिक मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और आमजन को साफ सुथरे जल में स्नान का अवसर मिल सकेगा।

उन्होंने बताया कि तालाब में जलीय वनस्पति होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना भी रहती है। इसके मद्देनजर मेले से पूर्व यह कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि डीएमएफटी मद से इसका भुगतान किया जायेगा।

- अजमेर से अत्याधुनिक डीविडिंग मशीन मंगवाई गई है जो 45 दिन तक कपिल सरोवर को वनस्पति से मुक्त करेगी

मशीन का संचालन पंचायत समिति के माध्यम से होगा। ऊर्जा मंत्री ने इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा श्रीकोलायत के कपिल सरोवर के सौन्दर्यकरण और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति बजट में दी गई।

देशनोक मंदिर में नवरात्र मेला आज से

बीकानेर,(कासं)। नवरात्र पर देशनोक के करणी माता और नेहड़ी मंदिर में मेला सोमवार से भरेगा। मेले के लिए पदयात्री रविवार को रवाना हुए।

चार अक्टूबर तक चलने वाले मेले में आने वाले व बीकानेर से पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। एसपी योगेश यादव के निर्देश पर बीकानेर से नोखा व नोखा से मंदिर जाने वाले वाहनों के लिए रविवार दोपहर 12 बजे से सोमवार सुबह चार बजे तक मार्ग परिवर्तित किया गया है।

ऐसे में नोखा जाने वाले वाहन उदयरामसर, बरसिंहसर, लालमदेसर, पिथरासर, जांगलू, भामटसर होते हुए नोखा जायेंगे। वापसी से इसी तरह से आयेंगे। नोखा से नापासर तक जाने वाले वाहन हिम्मतटसर, कांकड़ा, जसरासर होकर आयेंगे और जायेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने सभी सेवा समिति दल को हाइवे से 25 मीटर की दूरी पर टैंट लगाने की हिदायत दी है ताकि पदयात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो। मेला चलने तक समित ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालना करेगी।

- चार अक्टूबर तक चलने वाले मेले में आने वाले व पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्ट किया गया

एनएसएस गोष्ठी आयोजित

बीकानेर,(कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर एक गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एन.एस.एस. प्रभारी उमेश शर्मा ने एनएसएस की उपयोगिता एवं इसकी स्थापना तथा एनएसएस में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इसके साथ साथ परिसर में स्थित स्वामी विवेकानन्द स्मारक में विश्वविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा साफ-सफाई की गई। एन.एस.एस. द्वारा पूर्व में गोदित गांव में घर-घर तिरंगा अभियान के तहत ग्रामवासियों को राष्ट्रीय भावना से जोड़ने का कार्य किया गया।

अनूपगढ़ में किसानों का धरना, मोघों को ठीक कराने की मांग

अनूपगढ़,(कासं)। अनूपगढ़ की ग्राम पंचायत 9 एलएम में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की अनूपगढ़ शाखा के लुनिया माइनर और एनडी माइनर के ग्रामीणों ने धरना दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना की लुनिया माइनर और एनडी माइनर पर सिंचाई विभाग के द्वारा मोघों के दुरुस्तीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा मनमानी कर मोघों का साइज छोटा किया जा रहा है। जिससे उक्त दोनों मोघों के किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई पानी नहीं मिल पायेगा। ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष मदन श्योराण ने बताया कि पूर्व में भी ग्रामीणों ने मोघों का दुरुस्तीकरण सही तरीके से करने और पूरा सिंचाई पानी की मांग को लेकर धरना लगाया था। उस समय प्रशासन के मध्यस्थता में 11 सितम्बर को सिंचाई विभाग के साथ लिखित समझौता हुआ था कि मोघों के दुरुस्तीकरण का कार्य नियमानुसार किया जायेगा। किसान नेता जगदीश राव ने बताया कि अगर सिंचाई विभाग किसानों को उनके हक का पानी नहीं देता है तो किसानों की फसल चौपट हो जायेगी और किसानों को काफी आर्थिक नुकसान होगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सिंचाई विभाग लिखित समझौते से मुकर रहा है और समझौते के अनुसार मोघों का दुरुस्तीकरण नहीं करवाया जा रहा है। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि लुनिया माइनर और एनडी माइनर के मोघों का दुरुस्तीकरण अगर लिखित समझौते अनुसार नहीं हुआ और 6 मोघो का हाइड्रोलिक सर्वे कर किसानों को पूरा पानी नहीं दिया गया तो किसान और ग्रामीण सोमवार को उपखंड कार्यालय का घेराव करेंगे।

- सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा मनमानी कर मोघों का साइज छोटा करने का आरोप

पीसीसी सदस्य बनने पर पूर्व महापौर हाजी मकसूद का अभिनंदन

बीकानेर,(कासं)। सूरज पैलेस मुक्ता प्रसाद महफिल मित्रा दी बीकानेर सोसायटी की ओर से पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद का दूसरी बार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सदस्य बनने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस समारोह की अध्यक्षता राजेश जोशी ए.डी.ई. जेडी ऑफिस व मुख्य अतिथि नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चेतना डोटासरा ने की। विशिष्ट अतिथि किशन अनेजा, अशोक बारूपाल, इम्तियाज भाटी थे। हाजी मकसूद अहमद का साल साफा माला व स्मृति चिन्ह देकर भगवान सहारण, राजेश यादव, ओम बिश्नोई ,अल्ताफ अहमद, दिनेश चौधरी, मोहम्मद सदीक ने सम्मान किया।

अभिनंदन समारोह में संबोधित करते हुए शिवशंकर चौधरी ने कहा कि हाजी मकसूद अहमद बीकानेर शहर में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल है। आपने सभापति, महापौर व नगर विकास न्यास के कार्यकाल में सभी समाज धर्मों के विकास कार्य में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। पूर्व महापौर हाजी मकसूद अहमद ने श्मशान भूमि, कब्रिस्तान, सामुदायिक भवन, गौशालाएं, अस्पताल, जेल, सरकारी स्कूल, मदरसों, मंदिर, गुरूद्वारा, ईदगाह क्रिश्चियन समाज का वृद्धाश्रम, कर्बला, 13 समाजों को बालक बालिकाओं के छात्रावास के लिए भूमि आवंटन की। पूरब या पश्चिम गरीब कच्ची बस्तियों के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

दूसरी बार पीसीसी सदस्य बनने पर पूर्व महापौर मकसूद अहमद का अभिनंदन किया।

- मकसूद अहमद को शॉल, साफा माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

मकसूद ने नगर विकास न्यास के अध्यक्ष पद पर रहकर 33690 पट्टे बनाकर इतिहास रचा। दूसरी ओर एन.आर.आई. कॉलोनी, साहित्यकार याज्ञवेंद्र चंद्र शर्मा के नाम से कॉलोनी, स्वतंत्रता सेनानी शौकत उस्मानी नगर, बसाकर उनके नामो को अमर कर दिया। साहित्यकारों के पुरस्कारों की राशि बढ़ाई और पत्रकारों को प्लॉट आवंटन किया।

दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कमलोत्सव के रूप में मनाई

बीकानेर,(कासं)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष, एकात्म मानववाद के प्रणेता, राष्ट्रभक्त, श्रेष्ठ विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की रविवार को 106 वीं जन्म जयंती कार्यक्रम को शहर भाजपा द्वारा कमलोत्सव के रूप में मनाते सभी मंडलों में बूथ स्तर पर पुष्पांजलि, संगोष्ठी, कमल रंगोली, पार्टी ध्वजारोहण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये गए।

साथ ही कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 93 वें संस्करण को भी सामूहिक रूप से और बूथ स्तर पर सुना गया। भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि पंडित के जन्मदिवस को पार्टी विस्तार दिवस के रूप मे मनाती है और यह दिन समाज के सभी वर्गों के बीच पार्टी की विचारधारा के विस्तार का संकल्प दिवस भी है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में शहर भाजपा द्वारा रविवार प्रातः पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी आयोजित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंडितजी के चित्र और प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह ने पंडित के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में जानकारी देते हुए उनके जीवन में जुड़े सादगी और सरलता से जुड़े अनेक संस्मरणों को साझा किया।

बीकानेर में भाजपाईयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।